दैनिक

# नज़रिया खबर

भारत सरकार के डीएवीपी व राज्य सरकार द्वारा विज्ञापन के लिए मान्यता प्राप्त




पेज-07


RNI:UTTHIN/2008/25052

वर्ष:17 | अंक: 351 | देहरादून, शुक्रवार 20 जून, 2025 | पृष्ठ:08 | मूल्य:1/रु. प्रति


# बॉन्ड का उल्लंघन करने वाले डॉक्टरों पर होगी कार्रवाई : कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग में लम्बे समय से गैरहाजिर चल रहे बांडधारी चिकित्सकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जायेगी। इसके लिये विभागीय अधिकारियों को दो सप्ताह के भीतर गायब चिकित्सकों की सूची स्वास्थ्य महानिदेशालय स्तर से शासन को उपलब्ध कराने के निर्देश दे दिये गये हैं। इसके साथ ही राज्य चिकित्सा सेवा चयन बोर्ड से चयनित चिकित्सकों को नियुक्ति देने तथा विभागान्तर्गत में चिकित्सकों, नर्सिंग अधिकारियों एवं एएनएम के रिक्त पदों को शीघ्र भरने के लिये भी अधिकारियों को कहा गया है।

सूबे के चिकित्सा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने आज अपने शासकीय आवास पर स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक ली। जिसमें उन्होंने बांड व्यवस्था के तहत तैनात डॉक्टरों के लम्बे समय से गैरहाजिर होने पर कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को गायब चल रहे बांडधारी चिकित्सकों की सूची दो सप्ताह के भीतर शासन को उपलब्ध कराने के निर्देश दिये।



मंत्री धन सिंह रावत बैठक लेते हुए।

विभागीय मंत्री ने कहा कि राजकीय मेडिकल कॉलेजों से बांड व्यवस्था के तहत पासआउट एमबीबीएस चिकित्सकों को तीन व पांच साल के लिये पर्वतीय क्षेत्रों के अस्पतालों में तैनात किया जाता है, ताकि पर्वतीय क्षेत्रों में आम लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सके। लेकिन कई बांडधारी चिकित्सक बिना बताये लम्बे समय से गायब चल रहे हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार बांड का उल्लंघन करने वाले चिकित्सकों को कतई भी बकसने के मूड में नहीं है, ऐसे चिकित्सकों से बांड की शर्तों के अनुरूप धनराशि की वसूली की जायेगी और उनकी सेवाएं भी समाप्त कर दी जायेगी, जिसके निर्देश विभागीय अधिकारियों को दे दिये गये हैं।

शेष खबर पेज आठ पर देखे

## न्यूज डायरी

### मेघा पन्त को मिली बॉयोटैक्नोलॉजी में पीएचडी की उपाधि

**देहरादून।** कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल ने देहरादून निवासी मेघा पन्त को जैव प्रौद्योगिक विषय (बॉयोटैक्नोलॉजी) में डाक्टर ऑफ फिलॉसफी (पीएचडी) की उपाधि प्रदान की। उनका शोध प्रबन्ध वैक्टरिया–डिराइव्ड अप्रोच टू सिंथेसाइज कार्बन क्वांटस डॉटस फार बायोलॉजिकल एप्लीकेशन्स विषय पर था। उन्होंने अपना शोध भीमताल के जेसीबोस डिपार्टमेंट ऑफ बॉयोटैक्नोलॉजी के डाक्टर अनिर्बान दष्डपत के निर्देशन में संपन्न किया। इसके पूर्व मेघा पन्त ने वनस्थली राजस्थान से बॉयोटैक में एमएससी किया। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता–पिता को दिया है।



### राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु का दून आगमन पर राज्यपाल व सीएम ने किया स्वागत



**देहरादून।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के उत्तराखण्ड आगमन पर गुरुवार को जौलीग्रांट एयरपोर्ट में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) तथा मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट, पूर्व केंद्रीय मंत्री रमेश पोखरियाल निशंक, राज्यसभा सांसद नरेश बंसल, कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी, डॉ धन सिंह रावत, मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन, पुलिस महानिदेशक दीपम सेठ, जिलाधिकारी देहरादून सविन बंसल तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय सिंह ने भी राष्ट्रपति का स्वागत किया।

## मुख्य सचिव ने रेरा प्रोजेक्ट से संबंधित शिकायतों का शीघ्र निस्तारण करने के दिए

**देहरादून।** मुख्य सचिव आनंद बर्धन की अध्यक्षता में सचिवालय सभागार में रेरा (रियल एस्टेट रेगुलेटरी अथॉरिटी) की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य सचिव ने रेरा प्रोजेक्ट से संबंधित शिकायतों का तेजी से निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि जो मामले 3 वर्ष से अधिक (2022 से पूर्व के) पेंडिंग है पहले उनको प्रायोरिटी के आधार पर शीघ्रता से निस्तारित करें।

इसके अतिरिक्त उन्होंने निर्देशित किया कि जिन विकासकर्ताओं से वसूली की जानी है उनसे वसूली का कार्य भी तेजी से पूरा करें। इस अवसर पर कार्यकारी अध्यक्ष रेरा अमिताभ मित्रा, सचिव ईला



गिरि, उपसचिव अर्पण कुमार राजू तथा अनु सचिव नरेंद्र सिंह रावत बैठक में उपस्थित थे।

## विमान हादसे के बाद मुश्किल में बीमा कंपनियां, पॉलिसीधारक के साथ नामित के निधन से फंसा पेंच

**अहमदाबाद (ईएमएस)।** लंदन जा रही एयर इंडिया के विमान हादसे में मारे गए यात्रियों और घटनास्थल पर मौजूद लोगों के बीमा दावों को निपटाने में बीमा कंपनियों को कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। इसका कारण यह है कि कई मामलों में बीमा पॉलिसीधारक और उनके द्वारा नामित व्यक्ति (नॉमिनी) दोनों ही इस दुर्घटना में मारे गए हैं।



इस हादसे में 241 लोग, जिनमें यात्री और क्रू सदस्य शामिल थे, मारे गए हैं। जबकि एक शख्स चमत्कारिक रूप से बच गया है। वहीं घटनास्थल पर मौजूद 29 जमीन पर मौजूद लोगों की जान चली गई थी। कई ऐसे मामले सामने आए हैं जहां पूरा परिवार ही इस दर्दनाक हादसे का शिकार हो गया। एयर इंडिया के इस विमान में 169 भारतीय नागरिक, 52 ब्रिटिश नागरिक, सात पुर्तगाली नागरिक और एक कनाडाई नागरिक सवार था। इस हादसे के तुरंत बाद भारतीय बीमा नियामक एवं विकास प्राधिकरण (आईआरडीएआई) ने बीमा कंपनियों को निर्देश दिया कि वे मृतकों की जानकारी अपने रिकॉर्ड से मिलाएं और बीमा दावों में कोई देरी या अस्वीकृति न करें, बशर्ते मृतक की पहचान पक्की हो।

इसके बाद प्रमुख बीमा कंपनियों जैसे, एलआईसी, न्यू इंडिया एश्योरेंस, एचडीएफसी लाइफ, इफको टोकियो जनरल इंश्योरेंस, बजाज एलियांज, टाटा एआईजी ने अहमदाबाद सिविल अस्पताल में हेल्प डेस्क स्थापित किए हैं ताकि पीड़ित परिवारों की सहायता की जा सके। एलआईसी के अधिकारी आशीष शुक्ला ने बताया कि कंपनी को अब तक 10 दावे मिले हैं। एक मामला ऐसा है जिसमें बीमित व्यक्ति ने अपने जीवनसाथी को नॉमिनी बनाया था, लेकिन दोनों की ही हादसे में मौत हो गई। ऐसे मामलों में सामान्य प्रक्रिया यह है कि उत्तराधिकार प्रमाण पत्र मांगा जाता है, लेकिन इस हादसे को देखते हुए कंपनियां नियमों में थोड़ी राहत दे रही हैं।

उनके अनुसार, श्यदि बीमित व्यक्ति और नॉमिनी दोनों की मौत हो गई है, तो हम श्क्लास वनश उत्तराधिकारियों की जांच करते हैं, जैसे कि उनके बच्चे। यदि बच्चे एक से अधिक हैं, तो सभी को आपसी सहमति पत्र देना होता है और एक इंडेम्निटी बॉन्ड कंपनी को सौंपना होता है।

# संपादकीय

## कौन सी उड़ानें की रद्द

एएनआई की रिपोर्ट के अनुसार, एयर इंडिया ने शुक्रवार को रखरखाव और परिचालन कारणों से कई अंतरराष्ट्रीय और घरेलू उड़ानों को रद्द करने की घोषणा की। प्रभावित उड़ानों में दुबई से चेन्नई जाने वाली AI906] दिल्ली से मेलबर्न जाने वाली AI308, मेलबर्न से दिल्ली जाने वाली ।प्309, दुबई से हैदराबाद जाने वाली AI2204 और पुणे से दिल्ली जाने वाली घरेलू उड़ानें AI874, अहमदाबाद से दिल्ली जाने वाली AI456, हैदराबाद से मुंबई जाने वाली AI&2872 और चेन्नई से मुंबई जाने वाली AI571 शामिल हैं। टाटा समूह के स्वामित्व वाली एयरलाइन में यह बदलाव पिछले सप्ताह अहमदाबाद में AI171 की घातक दुर्घटना के बाद हुआ है, जिसमें लगभग 297 लोगों की जान चली गई थी, जिसमें 241 लोग विमान में सवार थे। दुर्घटना में विमान में सवार एकमात्र व्यक्ति चमत्कारिक रूप से बच गया था। एयर इंडिया ने कहा कि यह कटौती मध्य पूर्व में हवाई क्षेत्र बंद होने के कारण उड़ान से पहले की गई सुरक्षा जांच और अतिरिक्त उड़ान अवधि के कारण हुई है। सीईओ और प्रबंध निदेशक कैंपबेल विल्सन ने कहा कि एयरलाइन अपने बोइंग 787 और 777 बेड़े पर विश्वास–निर्माण उपाय के रूप में ये सुरक्षा जांच जारी रखेगी। एयर इंडिया प्रभावित यात्रियों से संपर्क कर उन्हें उनकी पसंद के अनुसार वैकल्पिक उड़ानों में फिर से जगह देने, मुफ्त में पुनर्निर्धारण करने या पूरा रिफंड देने की पेशकश कर रही है। प्रभावित उड़ानों में दुबई, चेन्नई, दिल्ली, मेलबर्न, पुणे, अहमदाबाद, हैदराबाद और मुंबई से जुड़ी अंतरराष्ट्रीय और घरेलू दोनों उड़ानें शामिल हैं। एयरलाइन ने एक बयान में कहा, ष्एयर इंडिया की दुबई से चेन्नई के लिए अंतर्राष्ट्रीय उड़ानें दिल्ली से मेलबर्न के लिए मेलबर्न से दिल्ली के लिए और दुबई से हैदराबाद के लिए, साथ ही पुणे से दिल्ली के लिए घरेलू उड़ानें अहमदाबाद से दिल्ली के लिए हैदराबाद से मुंबई के लिए और चेन्नई से मुंबई के लिए को रखरखाव और परिचालन संबंधी कारणों से रद्द कर दिया गया है। एयर इंडिया ने प्रभावित यात्रियों को पूरा रिफंड या मानार्थ पुनर्निर्धारण का आश्वासन दिया है और वैकल्पिक यात्रा व्यवस्था में सहायता कर रही है। एयरलाइन ने कहा, ष्हमें यात्रियों को हुई असुविधा के लिए खेद है।

# जनहित कार्यों की रीढ़ बनेगी आंगनबाड़ी कार्यकत्रियांः रेखा आर्या

**हरिद्वार (नजरिया खबर ब्यूरो)।** गुरुवार को महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास मंत्री रेखा आर्या ने 7 जनपदों में चयनित की गई 2258 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों और सहायिकाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए। यह आयोजन हरिद्वार में ऋषिकुल राजकीय आयुर्वैदिक महाविद्यालय स्थित सभागार में किया गया और 6 जनपदों से अधिकारी व नवनियुक्त महिलाएं ऑनलाइन माध्यम से जुड़े। महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास विभाग ने हाल ही में पूरे प्रदेश में 6330 आंगनबाड़ी सहायिकाओं और 722 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों यानी कुल मिलाकर 7052 पदों पर भर्ती की है ।



कार्यक्रम को संबोधित करते मंत्री रेखा आर्य।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकत्री का पद सिर्फ रोजगार का एक माध्यम नहीं बल्कि यह सेवा का एक बड़ा अवसर है। कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि प्रदेश में पहली बार आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों और सहायिकाओं की भर्ती ऑनलाइन मोड में आयोजित की गई और इस पूरी प्रक्रिया को सिर्फ 3 महीने के समय में पूरा कर लिया गया। कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि अब विभाग में आंगनबाड़ी कार्यकत्री व सहायिका के रूप में उच्च शिक्षित लड़कियां और महिलाएं आ रही हैं, जिससे निश्चित रूप से विभाग की कार्य क्षमता और कुशलता में बढ़ोतरी होगी। कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि पहली बार हुई ऑनलाइन भर्ती प्रक्रिया में सत प्रतिशत पारदर्शिता के साथ नियुक्तियां करके प्रदेश सरकार ने भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति में एक और आयाम जोड़ दिया है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि इस प्रक्रिया में जितने पदों पर विभिन्न आपत्तियों के चलते अभी तक नियुक्ति पत्र नहीं दिए गए हैं उनका निस्तारण भी जल्द से जल्द करें। एक साथ कुल सात जनपदों हरिद्वार, बागेश्वर, चमोली, चम्पावत, पिथौरागढ़, उधमसिंह नगर, उत्तरकाशी में कुल 245 आंगनवाड़ी और 2013 सहायिकाओं को नियुक्ति पत्र मिले।

# एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए योग सर्वे संतु निरामया यानें सभी रोग मुक्त हों



## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को ऐतिहासिक बनाने तैयारियां जोरों पर- विशाखापट्नम में 5 लाख प्रतिभागियों के साथ पीएम कॉमन योग प्रोटोकॉल का नेतृत्व करेंगे

**गोंदिया ।** भारत की अत्यंत प्राचीन विरासत में से एक योग भी है,आदि अनादि काल से ही योग एक जीवन जीने की कला और आज के आधुनिक डिजिटल युग में एक विज्ञान और औषधी रहित चिकित्सा पद्धति के रूप में वैश्विक स्तरपर लोकप्रिय हो चुका है, जिससे भारत की प्रतिष्ठा में चार चांद लग गए हैं इसका प्रत्यक्ष प्रमाण है,योग दिवस पर भारत का रिकॉर्ड–संयुक्त राष्ट्र महासभा में पीएम के प्रस्ताव को मंजूरी मिलने के बाद 21 जून को 2015 को पहला अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया ।आयुष मंत्रालय के केंद्रीय राज्य मंत्री ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि 21 जून 2025 को राष्ट्रीय कार्यक्रम आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम में आयोजित होगा,जहां पीएम 5 लाख से अधिक प्रतिभागियों के साथ कॉमन योग प्रोटोकॉल (सीवाईपी) सत्र का नेतृत्व करेंगे। इसके साथ ही, देश भर में एक लाख से अधिक स्थानों पर श्योग संगमश सत्र आयोजित किए जाएंगे, जो इसे इतिहास में सबसे बड़े समन्वित योग प्रदर्शनों में से एक बनाएगा ।उन्होंने "योगआंध्र" अभियान – जो राज्य भर में 10 लाख नियमित योग अभ्यासियों का समुदाय तैयार करने की एक महत्वाकांक्षी पहल है ।चूँकि एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए योग सर्वे संतु निरामया यानें सभी रोग मुक्त हों तथा 11वाँ अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून 2025 को ऐतिहासिक बनाने के लिए तैयारियां जोरों पर है, विशाखापट्नम में 5 लाख प्रतिभागियों के साथ पीएम बड़ा कॉमन योग प्रोटोकॉल का नेतृत्व करेंगे इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे,पूरे भारत में एक लाख से अधिक स्थानों पर योग संगम सत्र आयोजन की तैयारीयाँ,जो इसे इतिहास में सबसे बड़े समन्वित योग प्रदर्शनों में से एक बना सकता है।

साथियों बात अगर हम 21 जून 2025 को होने वाले 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2025 की ऐतिहासिक तैयारीयों की करें तो, वैश्विक भागीदारी पर अद्यतन जानकारी साझा करते हुए आयुष मंत्रालय के सचिव ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2025 के लिए 60 से अधिक देशों ने पहले ही संबंधित कार्यकलाप आरंभ कर दिये हैं। उन्होंने कहा कि विश्व भर में योग के प्रति उत्साही लोग सक्रिय रूप से श्एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योगश थीम और दस प्रमुख कार्यक्रमों का आयोजन कर रहे हैं,जो इस आंदोलन के वास्तविक अंतर्राष्ट्रीय चरित्र को दर्शाते हैं ।आयुष मंत्रालय के अधिकारी ने संवाददाता सम्मेलन में आईडीवाई 2025 के परिमाण, विजन और कार्यनीति का विवरण देते हुए एक व्यापक प्रस्तुति दी। उन्होंने आईडीवाई आंदोलन की एक दशक की यात्रा के बारे में विस्तार से बताया,10 प्रमुख कार्यक्रमों की जानकारी दी और व्यापक तथा समावेशी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए राज्य सरकारों, नागरिक समाज और अंतर्राष्ट्रीय हितधारकों के साथ सहयोगा त्मक साझेदारी पर प्रकाश डाला।

साथियों बात अगर हम 100 दिनों से चल रही योग श्रृंखला की करें तो, अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2025 में 100 दिनों तक चलने वाले दस सिग्नेचर इवेंट यानी प्रमुख कार्यक्रम आयोजित होंगे, जिन्हें समाज के विभिन्न वर्गों के साथ तालमेल बिठाने और योग को जीवन के समग्र तरीके के रूप में बढ़ावा देने के लिए डिजाइन किया गया है। – समावेशिता के लिए योग समावेश से लेकर अंतर्राष्ट्रीय भागीदारी के लिए योग बंधन तक – ये कार्यक्रम योग को मैट(चटाई) से लेकर आम जनता तक ले जाने के सरकार के रणनीतिक विजन को दर्शाते हैं। दिल्ली, भुवनेश्वर, नासिक और पुदुचेरी में क्रमशः 100 दिवसीय, 75 दिवसीय, 50 दिवसीय और 25 दिवसीय आयोजनों की श्रृंखला के प्रति जनता की उत्साहपूर्ण प्रतिक्रिया ने मुख्य कार्यक्रम की ओर अग्रसर होने में अहम योगदान दिया है ।योग केवल आसन करने और सांस लेने का अभ्यास भर नहीं है – यह जीवन जीने का एक तरीका है, मीडिया के सहयोग से लक्ष्य अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2025 को एक ऐसा ऐतिहासिक आयोजन बनाना है, जो लाखों लोगों को योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करने के लिए प्रेरित करे और एक स्वस्थ, खुशहाल और अधिक सामंजस्यपूर्ण समाज के निर्माण में सहायता करे।

साथियों बात अगर हमयोगदिवस 2025 को एतिहासिक बनाने की करें तो, अधिकारी ने कहा वर्ष 2015 से अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को विश्वभर में असाधारण उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा, नई दिल्ली में पहले रिकॉर्ड आयोजन से लेकर मैसूर, न्यूयॉर्क और श्रीनगर में ऐतिहासिक समारोहों तक, अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के प्रत्येक आयोजन ने स्वास्थ्य, सद्भाव और शांति की साझा खोज में विविध संस्कृतियों के लोगों को एकजुट किया है। उन्होंने इस वर्ष की उपलब्धि के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा, जब हम 11वें वर्ष में प्रवेश कर रहे हैं, अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2025 केवल एक स्मरणोत्सव भर नहीं है, बल्कि यह हमारे प्रयासों को बढ़ाने और समाज के सभी वर्गों तक योग की पहुंच को बढ़ाने का एक सामूहिक आह्वान है। उन्होंने कहा कि श्एक पृथ्वी,एक स्वास्थ्य के लिए योगश थीम भारत की जी–20 अध्यक्षता के दौरान प्रस्तुत वैश्विक स्वास्थ्य विजन के अनुरूप है और श्सर्वे सन्तु निरामयाश के भारतीय सभ्यतागत लोकाचार को दर्शाता है, जिसका अर्थ है – सभी रोग मुक्त हों। आयुष मंत्रालय ने नई दिल्ली स्थित राष्ट्रीय मीडिया केंद्र में 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस (आईडीवाई) के लिए पूर्वावलोकन कार्यक्रम आयोजित किया।

अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून 2025 को ऐतिहासिक बनाने तैयारियां जोरों पर– विशाखापट्टनम में 5 लाख प्रतिभागियों के साथ पीएम कॉमन योग प्रोटोकॉल का नेतृत्व करेंगे एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए योग सर्वे संतु निरामया यानें सभी रोग मुक्त हों.पूरे भारत में 1 लाख से अधिक स्थानों पर योग संगम सत्र आयोजन की तैयारियां ,जो इसे इतिहास में सबसे बड़े समन्वित योग प्रदर्शनों में से एक बना सकता है।

लेखक – कर विशेषज्ञ स्तंभकार
एडवोकेट किशन सनमुखदास
भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र

20 June 2025_Copy of Layout 1 6/21/2025 12:39 AM Page 3



# हरिद्वार-रुड़की के मास्टर प्लान को मिली मंजूरी

हरिद्वार (नजरिया खबर ब्यूरो)। गढ़वाल आयुक्त विनय शंकर पांडे की अध्यक्षता में गुरुवार को हरिद्वार रुड़की विकास प्राधिकरण (एचआरडीए) की बोर्ड बैठक हुई। एचआरडीए की 84वीं बैठक में हरिद्वार और रुड़की के मास्टर प्लान को मंजूरी दी गई। इसके साथ ही दो इलाकों में अगले एक महीने तक नक्शे पास नहीं किए जाएंगे।

वहीं एचआरडीए बैठक के बारे में जानकारी देते हुए गढ़वाल आयुक्त विनय शंकर पांडे ने बताया कि 84वीं बोर्ड बैठक में हरिद्वार और रुड़की के मास्टर प्लान को मंजूरी दी गई, जिसका प्रकाशन हरिद्वार और रुड़की के सभी अधिकारियों के ऑफिस में किया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री आवासीय योजना के अंतर्गत 528 आवासों के जो लोग ब्याज नहीं दे पा रहे हैं, उनको अगली बोर्ड बैठक तक छूट दी गई है। साथ उन्होंने बताया कि शिवालिक नगर और भूपतवाला क्षेत्र की पिछले लंबे समय से शिकायतें मिल रही थी कि कुछ लोग आवासीय नक्शा पास



बैठक की अध्यक्षता करते मंडलायुक्त।

कराकर भवनों का व्यवसायीकरण कर रहे हैं।

इसके बाद आज बोर्ड बैठक में यह निर्णय लिया गया है कि दोनों ही क्षेत्रों में एक माह तक फ्रीज जोन बनाया गया है। इस संबंध में मामला शासन में भेजा जाएगा। शासन इस मामले पर निर्णय लेगा। फिलहाल एक माह तक कोई भी नक्शा पास नहीं किया जाएगा। इसके अलावा बैठक में ये भी निर्णय लिया गया है कि ग्रामीण और पुरानी सघन आबादी में नक्शे पास करने में कुछ शिथिलता दी जाए, जिसके लिए यह मामला भी शासन में भेजा जाएगा।

गढ़वाल आयुक्त विनय शंकर पांडे ने कहा कि अगर उत्तराखंड का भी कोई भी व्यक्ति ईरान में फंसा है, तो उसको लाने के लिए सरकार द्वारा कार्य किया जाएगा। भारत सरकार पहले से ही ईरान में फंसे भारतीयों को सुरक्षित लाने के लिए कार्य कर रही है। भारत सरकार का बहुत ही स्पष्ट मत है कि विदेश में कोई भी भारतीय मुश्किल में फंसता है तो उसको वहां से निकाला जाएगा। यूक्रेन में भी जब भारतीय फंसे तो उन्हें भी वहां से निकाला गया था। ईरान में फंसे भारतीयों को भी सरकार निकालने का प्रयास कर रही है। अगर उत्तराखंड को कोई भी व्यक्ति ईरान में फंसा होगा तो उसे भी निकाला जाएगा।

## उत्तराखंड में बढ़ रहा तीर्थाटन का दायरा

देहरादून। चारधाम यात्रा में इस बार अब तक करीब 32 लाख यात्री पहुंच चुके हैं। अच्छी बात यह है तीर्थयात्री अब चार धामों के साथ ही अन्य मंदिरों/तीर्थ स्थलों में भी पहुंच रहे हैं। जिससे चारधाम यात्रा मार्ग की तरह, अन्य स्थानों पर भी आर्थिक गतिविधियां तेज हो रही हैं।

उत्तराखंड में स्थित चारों धामों में प्रतिवर्ष यात्रा काल के दौरान लाखों श्रद्धालु आते हैं। इस यात्रा सीजन में ही चारधाम और हेमकुंड के लिए कुल पंजीकरण की संख्या 44 लाख से अधिक हो चुकी है। इसमें यमुनोत्री धाम के लिए 713456, गंगोत्री के लिए 780554, केदारनाथ के लिए 1443513, बद्रीनाथ के लिए 1336923 और हेमकुंड के लिए 169180 पंजीकरण हुए हैं, जिसमें से अब तक करीब 32 लाख तीर्थयात्री यात्रा पूरी कर चुके हैं। चारधाम यात्रा मार्ग पर इसका सकारात्मक आर्थिक प्रभाव नजर आ रहा है। इसी क्रम में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी लगातार, अन्य तीर्थ स्थलों और धामों के भी प्रचार–प्रसार पर जोर देते रहे हैं।

# सेवानिवृत्त राजकीय पेन्शनर्स संगठन ने आयोजित की शोकसभा, यशपाल चौहान के दी श्रद्धांजलि

देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)। सेवानिवृत्त राजकीय पेन्शनर्स संगठन मुनिकीरेती–ढालवाला की एक शोक सभा शूरवीर सिंह चौहान की अध्यक्षता में आयोजित की गयी।

बैठक में संगठन के वरिष्ठ सदस्य यशपाल सिंह चौहान के आकस्मिक निधन होने पर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रख कर श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। उनका अन्तिम संस्कार पूर्णानंद घाट पर किया गया। उनके इकलौते पुत्र अक्षय चौहान ने उनकी चिता को मुखाग्नि दी। रैनापुर (रानीपोखरी) निवासी यशपाल चौहान मसूरी क्षेत्र के पूर्व विधायक स्व.राजेन्द्र शाह के छोटे भाई थे। स्व. चौहान सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष भी रहे हैं। इस अवसर पर सेवानिवृत्त राजकीय पेन्शनर्स संगठन मुनिकीरेती–ढालवाला के अध्यक्ष,सचिव एवं कोषाध्यक्ष ने कहा कि वरिष्ठ सदस्य के निधन से संगठन की अपूरणीय क्षति हुई है जिसकी पूर्ति होना असंभव है। उन्होंने कहा कि चौहान द्वारा संगठन हित में किये गये कार्यों को हमेशा याद किया जायेगा।

वे संगठन प्रेमी व व्यक्तित्व के धनी थे। वे संगठन की प्रगति हेतु संगठन को अमूल्य सुझाव देते रहते थे। उनके योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता है। संगठन इस दुख की घड़ी में शोकाकुल परिवार के साथ खडा है और ईश्वर से प्रार्थना करता है कि शोक संतृप्त परिवार को दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करें।

# एमडीडीए उपाध्यक्ष ने ली प्राधिकरण के कार्यों की समीक्षा बैठक

देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)। उपाध्यक्ष मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण द्वारा प्राधिकरण के कार्यों की समीक्षा बैठक ली गयी जिसमें उपाध्यक्ष द्वारा विभिन्न बिन्दुओं पर चर्चा की गयी तथा कार्यवाही की गयी। उन्होंने कहा प्राधिकरण क्षेत्रान्तर्गत में मानचित्र शमन हेतु प्रत्येक माह में 02 बार शमन कैम्प लगायें व प्रथम कैम्प ऋषिकेश व द्वितीय कैम्प विकासनगर में लगाये जाने के जाने के निर्देश दिये व इस क्रम में प्राधिकरण के विभिन्न स्थानों पर कैम्प लागाये जाय।

आम जन मानष की सुविधा हेतु कार्यालय में पृथक से एक हैल्प डैस्क स्थापित किया जायेगा जिसमें को मानचित्र स्वीकृति शमन व प्राधिकरण की आवश्यक जानकारी उपलब्ध करायीं जायेगी। लैण्ड पूलिंग





एमडीडीए उपाध्यक्ष समीक्षा बैठक लेते हुए।

तहत भूमि क्रय किये जाने पर हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया गया भूमि का चयन करते हुये यथाशीघ्र कार्यवाही करने के आदेश दिये गये जिससे औद्योगिक परियोजन हेतु आई0टी0 कम्पनियों को स्थापित किया जा सके। गत वर्ष हरेला पर्व पर लगाये गये वृक्षों के रखरखाव हेतु चयनित फर्म द्वारा कार्य सुचारू रूप न किये जाने पर नाराजगी जाहिर की गयी तथा निर्देशित किया कि फर्म द्वारा किये गये कार्यों का निरीक्षण कर लिया जाय व तदोपरान्त ही फर्म को भुगतान किया जाय। हरेला पर्व हेतु पौधे टेन्डर के माध्यम से क्रय किये जाने के निर्देश दिये गये व टेन्डर प्रक्रिया को शीघ्र प्रारम्भ करने के भी निर्देश दिये गये।

# चारधाम मे यात्रियों की सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम, नियमानुसार चल रही यात्राः मनीवर चौहान

देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)। भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान ने कहा कि चार धाम मे सुरक्षा के लिए पर्याप्त इंतजाम किये गए हैं और हादसों की उच्च स्तरीय जांच गतिमान है।

चौहान ने कहा कि हेली सेवाओं के सुरक्षित और सुव्यवस्थित संचालन के लिए सरकार गंभीरता से कार्य कर रही है। डीजीसीए द्वारा निर्धारित गाइडलाइन को और सख्त बनाया जाएगा। राज्य की भगौलिक परिस्थितियों के अनुरूप सेवाओं का संचालन हो सरकार इसके लिए कदम उठा रही है। चार धाम में लगे सभी



हेली ऑपरेटरों एवं पायलटों के उच्च हिमालय क्षेत्रों में उड़ान अनुभवों की जांच होगी। उन्हीं पायलटों को अनुमति दी जाएगी जिनका उच्च हिमालय क्षेत्रों में हेली उड़ाने का दीर्घकालीन अनुभव होगा। राज्य में अब हेली उड़ानों के बेहतर समन्वय और सुरक्षित संचालन के लिए एक कॉमन कमांड एवं कोऑर्डिनेशन सेंटर की स्थापना की जाएगी, जिसमें डीजीसीए, आपदा विभाग, सिविल एविएशन, यूकाडा, हेली आपरेटर कम्पनी के अधिकारियों की तैनाती होगी। सीएम इसके लिए निर्देश दे चुके है। उन्होंने कहा कि सचिव गृह उत्तराखंड की अध्यक्षता में एक समिति गठित किए जाने के भी निर्देश दिए गए हैं। जिसमें डीजीसीए, यूकाडा, नागरिक उड्डयन विभाग भारत सरकार, ।ज्ठ के प्रतिनिधि सदस्य के रूप में रहेंगे। यह समिति जन सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए मानक प्रचालन नियमावली का प्रारूप बनाएगी। समिति अपनी रिपोर्ट सितंबर माह से पूर्व प्रस्तुत करेगी। भविष्य मे प्रदेश में हेली सेवाओं के संचालन के लिए सख्त एडमिनिस्ट्रेटिव एंड टेक्निकल एसओपी तैयार की जा रही है।

उन्होंने कहा कि रुद्रप्रयाग में दुर्घटनाग्रस्त हेलीकॉप्टर के संबंध में उच्च स्तरीय जांच के भी आदेश दिए गये हैं। उन्होंने कहा जिस भी स्तर पर लापरवाही बरती गई है, उन्हें चिन्हित कर उनके विरुद्ध दंडात्मक कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा आम जन के जीवन की रक्षा करना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। किसी भी कीमत में जिंदगियों के साथ खिलवाड़ नहीं होने दिया जाएगा। चौहान ने कहा कि हिमालयी क्षेत्रों में अधिक संख्या में मौसम पूर्वानुमान के अत्याधुनिक उपकरण लगाने की दिशा मे भी कदम उठाये जा रहे हैं। जिससे मौसम की और सटीक जानकारी प्राप्त की जा सके। उन्होंने कहा कि भाजपा राज्य मे हर तीर्थ यात्री और पर्यटक की सुरक्षा को लेकर गंभीर है। मेडिकल, आवास, और किफ़ायती वाहन संबंधी सभी सुविधाएं मुहैया करायी गयी है। उन्होंने विपक्षी कांग्रेस की सकारात्मक चिंता जायज है।

20 June 2025_Copy of Layout 1 6/21/2025 12:39 AM Page 4



# प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करन माहरा की अगुवाई में कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने सौंपा मुख्य सचिव को छह सूत्रीय ज्ञापन

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** उत्तराखंड की चार धाम यात्रा में लगातार हो रही हेलीकॉप्टर दुर्घटनाओं पर चिंता व्यक्त करते हुए, राज्य में मौत की उड़ानों पर रोक लगाने तथा डीजीसीए व एयर ट्रैफिक नियमावली का कड़ाई से पालन किए जाने समेत छह सूत्रीय मांगों को लेकर आज उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी का एक प्रतिनिधिमंडल प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करन माहरा के नेतृत्व में प्रदेश के मुख्य सचिव आनंद वर्धन से उनके सचिवालय स्थित कार्यालय में मिला।



मुख्य सचिव को ज्ञापन सौंपते कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल।

प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने मुख्य सचिव से वार्ता के दौरान कहा कि राज्य की सबसे प्रतिष्ठित चार धाम यात्रा में पिछले सवा महीने में पांच हेलीकॉप्टर दुर्घटनाएं घटित होना और उनमें अब तक तेरह लोगों की अकाल मृत्यु होना गंभीर चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि ये दुर्घटनाएं राज्य में पारदर्शी व सुरक्षा की दृष्टि से लचर उड्डयन नीति के कारण हो रही हैं। उन्होंने कहा कि राज्य में हेलीकॉप्टर संचालन के लिए कोई स्पष्ट मानक तय नहीं हैं और एटीसी व डीजीसीए नियमावली का कोई पालन नहीं हो रहा है। उन्होंने कहा कि कितनी उड़ानें होनी हैं, कितनी लैंडिंग होनी हैं, कितने घंटे एक हेलीकॉप्टर लगातार उड़ सकता है, इसका कोई हिसाब–किताब नहीं है और खटारा हेलीकॉप्टरों का संचालन तथा अंधाधुंध उड़ानें इन दुर्घटनाओं का मुख्य कारण हैं। उन्होंने कहा कि अंधाधुंध हेलीकॉप्टर उड़ानों के कारण उत्तराखंड में पर्यावरणीय चिंताएं भी बढ़ रही हैं, राज्य के नेशनल पार्क, वन्य जीव और ग्लेशियर सभी को खतरा उत्पन्न हो रहा है। प्रदेश अध्यक्ष ने मुख्य सचिव से मांग करते हुए कहा कि राज्य में डीजीसीए व एयर ट्रैफिक सिस्टम के दिशा–निर्देशों के अनुसार एक पारदर्शी उड्डयन नीति बनाई जाए और उसका सख्ती से पालन हो।

श्री माहरा ने प्रदेश में बढ़ रही सड़क दुर्घटनाओं पर चिंता व्यक्त करते हुए मुख्य सचिव से मांग की कि पहाड़ों में चार पहिया वाहनों के चालकों के लिए हिल ड्राइविंग लाइसेंस आवश्यक किया जाए। उन्होंने कहा कि नैनीताल में नई टैक्सी परमिट पर प्रतिबंध लगा हुआ है, किंतु देश भर के अन्य राज्यों की टैक्सियों को नैनीताल समेत पूरे पहाड़ों में चलने की अनुमति है। प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (संगठन) सूर्यकांत धस्माना ने मुख्य सचिव से कहा कि प्रदेश में अब तक संचालित हो रही हेलीकॉप्टर सेवाओं पर सरकार व उड्डयन विभाग का कोई नियंत्रण नहीं था या यूं कहा जाए कि उन्हें मनमाफिक उड़ान भरने की अलिखित अनुमति शासन–प्रशासन ने दे रखी थी, जिसके कारण सारे नियम दरकिनार कर यात्रियों की जान से खिलवाड़ करते हुए हेलीकॉप्टर सेवाएं संचालित हो रही थीं।

## कहासुनी के बाद महिलाओं में जमकर चले लात घूंसे

**हरिद्वार।** रुड़की में महिलाओं के बीच कहासुनी के बाद दोनों पक्षों में जमकर मारपीट हो गयी। मारपीट की घटना पास ही लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। इस मामले में पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। महिलाओं के बीच मारपीट की घटना सिविल लाइन कोतवाली क्षेत्र के कर्नल एनक्लेव कॉलोनी की बताई जा रही है। बताया गया है कि मारपीट से पहले किसी बात को लेकर दोनों पक्षों में कहासुनी हुई और देखते ही देखते दोनों पक्षों में विवाद बढ़ गया। विवाद इतना बढ़ा कि एक पक्ष की महिलाओं ने दूसरी महिला के साथ जमकर मारपीट कर दी। वहीं मारपीट की पूरी घटना पास ही लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। एक महिला को लात–घूंसों से जमकर पीटा गया। इस मामले में एक पूर्व सैनिक ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर अपने पड़ोसियों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। साथ ही उन्होंने मारपीट, गाली–गलौज और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए पुलिस से सख्त कार्रवाई की मांग की है।

## राज्य कैबिनेट ने सहकारिता, पशुपालन, डेयरी और पर्यटन से जुड़े अहम प्रस्तावों को दी मंजूरी

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में बुधवार को सचिवालय में राज्य कैबिनेट की बैठक हुई। बैठक में सहकारिता, पशुपालन, डेयरी और पर्यटन से जुड़े कई अहम प्रस्तावों को मंजूरी दी गई।

कैबिनेट के निर्णयों की जानकारी सूचना महानिदेशक बंशीधर तिवारी ने प्रेस वार्ता में पत्रकारों को दी। उन्होंने बताया कि कैबिनेट ने सहकारिता विभाग में ब्लॉक से लेकर राज्य स्तर तक ऑडिट कराने के निर्णय पर मुहर लगाई। इस कार्य के लिए उप निबंधक (ऑडिट) लेवल–11 का पद सृजित किया गया है, जो पांच वर्ष की अवधि के लिए प्रतिनियुक्ति से भरा जाएगा। बदरीनाथ धाम मास्टर प्लान के तहत सौंदर्यीकरण कार्यों को भी हरी झंडी दी गई। इसके अंतर्गत दीवारों पर कलात्मक चित्रण (आर्टवर्क) किया जाएगा, जिसमें आईएसबीटी की दीवारें भी शामिल होंगी।

पशुपालन विभाग से जुड़े महत्वपूर्ण निर्णय में अनुसूचित जाति के लाभार्थियों को मिलने वाली 90 प्रतिशत सब्सिडी वाली गाय योजना को डेयरी विभाग की गंगा गाय योजना के साथ मर्ज करने की मंजूरी दी गई। अब इस योजना का लाभ सामान्य वर्ग के लोग भी ले सकेंगे। हालांकि, सामान्य वर्ग को कितनी सब्सिडी मिलेगी, इस पर निर्णय अगली कैबिनेट बैठक में होगा। इसके अतिरिक्त पशुधन प्रसार अधिकारियों के 429 रिक्त पदों को भरने की दिशा में भी कदम बढ़ाया गया है।

## आंगनबाड़ी कार्यकत्री नियुक्ति में पारदर्शिता की मिसाल कायम हुई: रेखा

**हल्द्वानी (नजरिया खबर ब्यूरो)।** महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास मंत्री रेखा आर्या ने हल्द्वानी में ब्लाक सभागार में नवनियुक्त आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों और सहायिकाओं को नियुक्ति पत्र प्रदान किए।

नैनीताल जनपद में कुल 484 पदों की रिक्तियां निकाली थी जिनमें से बुधवार को 36 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों और 287 सहायिकाओं को नियुक्ति पत्र दिए गए। कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि बाकी पदों के लिए भी प्रक्रिया जल्द से जल्द पूरा करके नियुक्ति पत्र प्रदान करें। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि इस बार ऑनलाइन प्रक्रिया के जरिए 7000 से ज्यादा आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों और सहायिकाओं की जो नियुक्ति हुई है उसमें सरकार ने पारदर्शिता की एक मिसाल कायम की है। भर्ती प्रक्रिया में



नियुक्ति पत्र प्राप्त करने वाली आंगनबाड़ी कार्यकत्री व सहायिकाएं।

उच्च शिक्षित लड़कियों और महिलाओं के चयन पर उन्होंने कहा कि अक्सर यह देखने में आता था कि साल 2 साल अपने बच्चों को आंगनबाड़ी केंद्र भेजने के बाद अभिभावक उन्हें किसी प्री प्राइमरी स्कूल में एडमिशन करा देते थे। अब आंगनबाड़ी केंद्रों में हाइली क्वालिफाइड कार्यकत्री और सहायिकाओं के मौजूद होने के चलते ऐसा नहीं होगा। कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि अब विभाग में आंगनबाड़ी कार्यकत्री व सहायिका के रूप में ग्रेजुएट, पोस्ट ग्रेजुएट, बीटेक और एमटेक जैसी डिग्रियां रखने वाली लड़कियां और महिलाएं आ रही हैं, जिससे निश्चित रूप से विभाग की कार्य क्षमता और कुशलता में बढ़ोतरी होगी।

# मुख्यमंत्री की प्रेरणा से असहायों का सहारा बना डीएम जन दर्शन, एक के बाद एक जनहित में निर्णय

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** मुख्यमंत्री की प्रेरणा से जिलाधिकारी सविन बसंल अपने चिरपरिचित अंदाज में जनहित में एक के बाद एक कड़े निर्णय ले रहें हैं।

गंभीर अनियमितता और धोखाधड़ी के शिवानी गुप्ता प्रकरण में जिलाधिकारी के आदेश पर देहरादून क्रॉस मॉल, राजपुर रोड स्थित डीसीबी बैंक प्रा0लि0 की शाखा को ही सीज कर दिया गया है। दरअसल जिलाधिकारी के जनता दर्शन कार्यक्रम में शिवानी गुप्ता पत्नी स्व0 रोहित निवासी अमर भारती, चन्द्रबनी अपनी फरियाद लेकर पहुंची थी।



जनसमस्याएं सुनते डीएम।

शिवानी गुप्ता ने बताया कि उनके पति द्वारा डीसीबी प्रा0 लि0 बैंक से 15.50 लाख का ऋण लिया था, जिसका बीमा आईसीआई लोंबार्ड कंपनी द्वारा किया गया था। उनके पति का 15 मई 2024 आकस्मिक निधन हो गया था। शिवानी गुप्ता ने बताया कि पति की मृत्यु के बाद उनकी आय का कोई साधन न होने के कारण बैंक किस्त जमा नही हो पा रही है। बीमा कम्पनी द्वारा बैंक लोन देने से मना किया जा रहा है। डीसीबी बैंक व बीमा कंपनी से इस संबंध में कई बार अनुरोध किया है, परंतु बीमा कंपनी द्वारा धनराशि दिए जाने में अनावश्यक विलंब किया जा रहा है और बैंक द्वारा बार–बार किश्त जमा करने का दबाव बनाया जा रहा है। जिस पर डीएम ने बैंक प्रबन्धक डीसीबी प्रा0लि0 को उपस्थित होने और महिला की समस्या का निस्तारण करने के निर्देश दिए थे। जिला प्रशासन द्वारा 09 जून को सम्बन्धित बैंक प्रबन्धक के विरुद्ध ब्याज सहित रू0 1705000 आरसी जारी करते हुए 16 जून तक आरसी जमा करने के निर्देश दिए गए थे। डीसीबी प्रबंधक को बार–बार नोटिस जारी करने के बाद भी उक्त प्रकरण पर कोई कार्रवाई नहीं की गई। जिलाधिकारी के आदेश और असिस्टेंट कलेक्टर प्रथम श्रेणी के निर्देशों पर 18 जून,2025 को देहरादून क्रॉस मॉल, राजपुर रोड स्थित डीसीबी शाखा की चल संपत्ति को नियमानुसार कुर्की करते हुए बैंक शाखा को सीज किया कर दिया गया है।

20 June 2025_Copy of Layout 1 6/21/2025 12:39 AM Page 5



# बिंदुखत्ता राजस्व ग्राम की अधिसूचना की प्रतीक्षा में बीता एक साल, ग्रामीणों ने लगाई विधायक समेत कई पर गंभीर आरोप

**लालकुआं (नजरिया खबर ब्यूरो)।** बिंदुखत्ता वन अधिकार समिति की बैठक में कहा गया है कि राजस्व ग्राम की अधिसूचना के लिए फाइल को शासन में भेजे आज 19 जून 2025 को एक वर्ष पूर्ण हो गया है, लेकिन अब तक अधिसूचना जारी नहीं होने का कारण प्रशासनिक उदासीनता नहीं, बल्कि कुछ प्रभावशाली व्यक्तियों द्वारा अपने राजनैतिक स्वार्थों की पूर्ति के लिए फाइल को जानबूझकर रोकने का सनसनीखेज आरोप लगाया गया है।




बैठक में विचार विमर्श करते समिति के पदाधिकारी।

वनाधिकार समिति के सदस्यों की बैठक में तमाम पदाधिकारियों ने चर्चा करते हुए कहा कि गत वर्ष इसी दिन शासन को भेजी गई राजस्व गांव की फाइल पर कार्रवाई न करके वन अधिकार अधिनियम के प्रावधानों की खुली अवहेलना करते हुए इस फाइल को वन विभाग के पास भेजा गया है, और आरटीआई से मिली जानकारी के अनुसार शासन इस मामले को "नीतिगत" बता कर टालमटोल कर रहा है। समिति के सचिव भुवन भट्ट ने कहा कि राजस्व ग्राम की अधिसूचना जारी न होने से अब बिंदुखत्ता में आगामी पंचायत चुनाव नहीं हो पाएंगे, जिससे बिंदुखत्ता एक बार फिर अपनी सरकार चुनने से वंचित रह जाएगा और अगले पांच वर्षों के लिए ग्राम पंचायत से जुड़ने के अधिकारों से वंचित रह जाएगा। उन्होंने कहा कि यह विडंबना ही है कि वन अधिकार समिति एवं अन्य सामाजिक संगठनों द्वारा लगातार शिकायत करने के बाद भारत सरकार के जनजातीय मंत्रालय ने उत्तराखंड शासन को स्पष्ट निर्देश जारी किए थे कि अधिसूचना तत्काल जारी की जाए। बावजूद इसके, राज्य शासन ने इस निर्देश की भी अनदेखी कर दी।

वरिष्ठ पदाधिकारी उमेश भट्ट ने कहा कि इसी क्रम में स्थानीय विधायक द्वारा भी हाल ही में जारी कराया गया पत्र सोशल मीडिया पर ऐतिहासिक बताकर खूब प्रचारित किया गया, लेकिन हकीकत यह है कि उस तथाकथित ऐतिहासिक प्रयास के बाद भी बिंदुखत्ता की स्थिति जस की तस बनी हुई है। जनता अपने को ठगा हुआ महसूस कर रही है। विधायक की भूमिका पर भी गंभीर सवाल उठ रहे हैं। जब वन अधिकार समिति विगत एक वर्ष में मुख्यमंत्री, विधानसभा अध्यक्ष, सांसद, मुख्य सचिव, राजस्व सचिव, वन सचिव जैसे शीर्ष पदों तक दर्जनों ज्ञापन दे चुकी है, तो अब विधायक का ज्ञापन सौंपना केवल औपचारिकता और जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ने जैसा प्रतीत हो रहा है। बसंत पांडे ने कहा कि प्रमुख विपक्षी दलों ने तीखी टिप्पणी करते हुए कहा है कि ज्ञापन देना विपक्ष का दायित्व होता है, लेकिन सत्ताधारी विधायक जब स्वयं ज्ञापन देते फिर रहे हैं, तो वे वस्तुतः विपक्ष की भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने कहा कि विधायक जनसभाओं में यह कहकर बचाव करते नजर आ रहे हैं कि कुछ आपत्तियां हैं, जिनका निराकरण किया जा रहा है।

## थाना पोखरी पुलिस ने पकड़ा अवैध शराब का तस्कर, वाहन से ले जा रहा था बड़ी खेप

**चमोली।** एसपी चमोली सर्वेश पंवार ने अवैध शराब के कारोबार में लिप्त तत्वों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए थे। इन निर्देशों के अनुपालन में थाना पोखरी पुलिस टीम मनोज सिरोला प्रभारी निरीक्षक थाना पोखरी, अपर उपनिरीक्षक दलवीर सिंह, कांस्टेबल बलवीर सिंह, होमगार्ड राकेश लाल लगातार पतारसी सुरागरसी कर रहे थे। बुधवार सांय को पोखरी पुलिस टीम ने रुद्रप्रयाग मोहनखाल मोटर मार्ग पर चेकिंग अभियान चलाया। चेकिंग के दौरान वाहन संख्या न्झ 07 ठग 8273 कार को रोका गया। वाहन की तलाशी लेने पर उसमें छिपाकर रखी गई 08 पेटियों में कुल 384 पव्वे अवैध अंग्रेजी शराब बरामद हुई। पुलिस टीम ने तत्काल वाहन चालक को हिरासत में ले लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम विकास रावत पुत्र श्री हुकम सिंह रावत निवासी ग्राम गोरना थानाध्तहसील रुद्रप्रयाग, जनपद रुद्रप्रयाग, उम्र लगभग 36 वर्ष बताया।

## बारात में जा रहे बाइक सवार युवकों को डंपर ने मारी टक्कर, एंबुलेंस के इंतजार में सड़क पर तड़पते रहे युवक

**लालकुआं (नजरिया खबर ब्यूरो)।** बरेली रोड के तीनपानी क्षेत्र से बहेड़ी में आयोजित विवाह समारोह में जा रहे बाइक सवार युवकों को तेजी से आ रहे डंपर ने जोरदार टक्कर मार दी, जिसमें दोनों युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गए, जो कि सड़क पर लगभग आधा घंटा तड़पते रहे, उसके बाद पहुंची 108 एंबुलेंस द्वारा उन्हें डॉ सुशीला तिवारी चिकित्सालय हल्द्वानी को भेजा गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार गुरुवार की दोपहर लगभग 1ः45 बजे तीनपानी बरेली रोड से बाइक में सवार होकर आ रहे पप्पू श्रीवास्तव उम्र लगभग 22 वर्ष एवं शुभम उम्र 25 वर्ष यहां गुरुद्वारा के सामने पहुंचे ही थे कि तभी उनके पीछे चल रहे तेज रफ्तार डंपर ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी, परिणाम स्वरूप दोनों युवक बुरी तरह सड़क में गिर पड़े, एक युवक के पांव की एड़ी के ऊपर से ट्रक का टायर गुजर गया, जिससे वह पूरी तरह लहुलुहान हो गया, इस इस बीच मौका पाकर डंपर चालक डंपर लेकर फरार हो गया। और लोगों की मौके पर भीड़ लग गई। उक्त दोनों युवक सड़क पर आधा घंटे तक तड़पते रहे, इसी बीच मौके पर कोतवाली पुलिस के जवान तरुण मेहता और आनंद पुरी पहुंच गए, तथा घटनास्थल पर आए सांसद प्रतिनिधि लक्ष्मण खाती और सभासद धन सिंह बिष्ट ने सवा एक बजे पहुंची 108 एंबुलेंस में दोनों घायलों को चढ़ाया, तथा उन्हें डॉ सुशीला तिवारी चिकित्सालय हल्द्वानी को रवाना किया।

## कुमाऊं आयुक्त ने जमीनी विवाद व आपदा प्रबंधन पर समीक्षा बैठक की

**नैनीताल (नजरिया खबर ब्यूरो)।** आयुक्तध्सचिव मुख्यमंत्री, दीपक रावत, ने कमिश्नरी कार्यालय, नैनीताल से मंडल के जिलाधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जनपद स्तर पर लंबित जमीनी विवादों के शीघ्र निस्तारण और मानसून काल में आपदा प्रबंधन की तैयारियों के संबंध में विस्तृत जानकारी ली और उनके समाधान हेतु आवश्यक दिशा–निर्देश दिए।



आयुक्त ने सभी जिलाधिकारियों को निर्देशित किया कि वे समय–समय पर एडीएम और एसडीएम न्यायालयों का निरीक्षण करें और तीन वर्ष से अधिक समय से लंबित वादों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करें। इस संबंध में समस्त जिलाधिकारियों द्वारा बताया गया कि उनके द्वारा लंबित वादों के निस्तारण की प्रक्रिया गतिमान है, जिनमें से अधिकांश वादों का निस्तारण हो चुका है और शेष का निस्तारण भी शीघ्र ही कर लिया जाएगा। 'मानसून काल के दौरान आपदा प्रबंधन से जुड़ी तैयारियां पहले से सुनिश्चित कर ली जाएं' आयुक्त ने कहा कि ऐसे नाले या गदेरे, जहां मानसून काल में अतिवृष्टि के दौरान जन–हानि या संपत्ति को खतरा होता है, उनकी पूर्व से ही साफ–सफाई कर ली जाए और स्थानीय लोगों को सतर्क रहने हेतु निर्देशित किया जाए। साथ ही, समस्त जिलाधिकारियों को यह भी निर्देशित किया गया कि उनके जनपदों में ऐसे स्थानों के निकट, जहां मार्ग बंद होने की घटनाएं प्रायः होती हैं, वहां पूर्व से ही जेसीबी मशीनें तथा उनके चालक तैनात कर दिए जाएं, ताकि मार्ग बंद होने की स्थिति में तत्काल प्रभाव से उसे खोला जा सके।

## भरत का भाई प्रेम देख दर्शकों की भर आई आंखें, नन्ही मुन्नी बालिकाओं का लोकनृत्य आकर्षक का केंद्र बना रहा

**चमोली (नजरिया खबर ब्यूरो)।** विकासखंड पोखरी की ग्राम पंचायत में पांचवें दिन की रामलीला मंचन में चित्रकोट में भरत राम मिलाप के समय भरत का भाई प्रेम देख दर्शकों की आंखें भर आई। रामलीला के शुरूआत में नन्ही मुन्नी बालिकाओं द्वारा प्रदर्शित लोकनृत्य (कौरश) भी दर्शकों के मध्य आकर्षक का केंद्र बना हुआ है। लीला का शुभारंभ महिला मंगल दल अध्यक्षा दीपा नेगी, युवक मंगल दल अध्यक्ष अतुल भट्ट, विमला भट्ट व ऊषा भट्ट ने संयुक्त रूप में किया।



श्री राम को 14 वर्ष का वनवास होने के बाद भरत – शत्रुघ्न को गुरु वशिष्ठ के आदेशानुसार ननिहाल से अयोध्या बुलाया गया। अयोध्या की स्थिति देखकर माता कैकेई को खूब खरी–खोटी सुनाने के बाद भरत शत्रुघ्न अयोध्यावासियों सहित राम की खोज में निकल पड़ते हैं। चित्रकूट में राम से मिलाप होने पर भाई राम, लक्ष्मण और सीता माता को वापस अयोध्या चलने का आग्रह पर भी जब राम पिता दशरथ द्वारा दिऐ गये बचनों की याद दिलाते हैं, तो भरत जी भाई राम के चरण पादुका खड़ाऊं को लेकर वापस अयोध्या चले आते हैं। इस मौके पर भरत व राम मिलाप और भरत का भाई प्रेम देख कर दर्शकों की आंखें भर आई।

पांचवे दिन की लीला मंचन में सुखवीर मल्ल ने राम, प्रांजल भट्ट ने लक्ष्मण, प्रियांशु भंडारी ने माता सीता, प्रदीप लखेड़ा ने वशिष्ठ, अतुल भट्ट ने भरत, शिवांग गैरोला ने शत्रुघ्न, विजय भट्ट ने कैकेई, अनिल बहुगुणा ने दशरथ, दीपक भंडारी ने कौशल्या, शिवांग मल्ल ने सुमित्रा व धीरज नेगी ने सुमन्त के किरदार में प्रदर्शित की अपनी भूमिका। इस अवसर पर रामलीला मंडली अध्यक्ष राकेश भट्ट, कोषाध्यक्ष धन सिंह ठाकुर, विनोद पुरोहित, जगमोहन भट्ट, जयन्ती प्रसाद पन्त, राजेश पन्त, जितेन्द्र मल्ल, हरीश चमोली, जितेन्द्र सिंह नेगी, महावीर सिंह रावत, किशन लखेड़ा, विवेक ठाकुर, सतेन्द्र मल्ल, चंडी प्रसाद पन्त, नत्था सिंह मल्ल, प्रमोद रावत, दीपचंद ठाकुर आदि सहित मातृशक्ति मौजूद रही।

20 June 2025_Copy of Layout 1 6/21/2025 12:39 AM Page 6



# बद्रीनाथ धाम में इको टूरिज्म शुल्क बैरियर शुरू, डिजिटल भुगतान से बढ़ेगी सुरक्षा, डीएम व एसपी की अभिनव पहल

**चमोली (नजरिया खबर ब्यूरो)।** विगत वर्ष की चार धाम यात्रा के सकुशल संपन्न होने के उपलक्ष्य में जिलाधिकारी संदीप तिवारी एंव पुलिस अधीक्षक सर्वेश पंवार के निर्देशन में आयोजित एक रात्रि भोज में सभी थानाध्यक्षों ने अपनी समस्याएं रखी थीं।

इसी दौरान, थानाध्यक्ष बद्रीनाथ ने बद्रीनाथ धाम के प्रवेश द्वार पर नगर पंचायत द्वारा मैनुअल तरीके से लिए जा रहे इको टोल शुल्क के कारण अनावश्यक ट्रैफिक दबाव बढ़ जाने और समय की बर्बादी होने की समस्या को उजागर किया था। उन्होंने एनएचएआई की गाइडलाइन के तहत इको टोल शुल्क को फास्टैग के माध्यम से लेने का महत्वपूर्ण सुझाव दिया था। जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने इस सुझाव का गंभीरता से संज्ञान लिया और त्वरित कार्यवाही का आश्वासन दिया था। इसी क्रम में, नगर पंचायत बद्रीनाथ ने जिलाधिकारी कार्यालय के माध्यम से



एनएचएआई से आवश्यक अनुमति प्राप्त की और टेंडर प्रक्रिया पूरी कर पार्क प्लस कंपनी को इको पर्यटक शुल्क फास्टैग के माध्यम से कराने का बीड़ा सौंपा। 2025 की यात्रा प्रारंभ होने के उपरांत, पार्क प्लस कंपनी ने मौसम की कड़ी चुनतियों के बावजूद इस सिस्टम को स्थापित करने का कार्य किया। लगभग 15 दिनों के सफलतापूर्वक ट्रायल के बाद, अब यह व्यवस्था पूरी तरह से चालू हो गई है। ट्रायल की सफलता के उपरांत, आज जिलाधिकारी महोदय ने वर्चुअल माध्यम से विधिवत रूप से इस इको टूरिज्म शुल्क बैरियर का शुभारंभ किया गया, जो अब '10279 फीट की ऊंचाई पर स्थित देश का पहला फास्टैग ईको पर्यटक बैरियर' के रूप में जाना जाएगा।

इस बैरियर पर अब बद्रीनाथ धाम में प्रवेश करने वाले और बाहर निकलने वाले सभी वाहनों का शुल्क ऑनलाइन माध्यम से फास्टैग के जरिए काटा जाएगा। इसके साथ ही, फास्टैग सिस्टम से लिंक होने के कारण धाम में आने–जाने वाले प्रत्येक वाहन का ऑनलाइन रिकॉर्ड संधारित होगा। यह ऑनलाइन रिकॉर्ड सुरक्षा की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण साबित होगा। किसी भी आपात स्थिति या सुरक्षा संबंधी आवश्यकता होने पर वाहनों की आवाजाही का विवरण तुरंत उपलब्ध होगा, जिससे पुलिस और प्रशासन को त्वरित कार्रवाई करने में मदद मिलेगी। यह महत्वपूर्ण बदलाव जिलाधिकारी संदीप तिवारी और पुलिस अधीक्षक सर्वेश पंवार की दूरदर्शिता सोच और अभिनव पहल का परिणाम है, जिसकी चौतरफा सराहना हो रही है। यह अभिनव पहल ने न केवल बद्रीनाथ धाम में वाहनों के सुचारू प्रबंधन और राजस्व संग्रहण का मार्ग प्रशस्त किया है, बल्कि सुरक्षा व्यवस्था को भी मजबूती प्रदान की है। इस दौरान एसडीएम जोशीमठ, एसडीएम यात्रा श्रीमती रेखा, पूर्व धर्माधिकारी भुवन चंद उनियाल, होटल एसोसिएशन अध्यक्ष राजेश मेहता, बद्रीश पंडा पंचायत अध्यक्ष प्रवीण ध्यानी, नगर पंचायत अधिशासी अधिकारी और थानाध्यक्ष बद्रीनाथ सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## दरोगा से अभद्रता करने वालों के खिलाफ कार्यवाही की मांग

**नैनीताल।** हल्द्वानी में पुलिस दरोगा के साथ हुई अभद्रता के मामले में कोई कार्यवाही न किए जाने के विरोध में जन अधिकार पार्टी जनशक्ति ने पुलिस महानिदेशक को ज्ञापन दिया। बुधवार को जन अधिकार पार्टी जनशक्ति के प्रतिनिधि मंडल ने नैनीताल में सांप्रदायिक आधार पर दरोगा के साथ मारपीट पर अपना विरोध दर्ज कराते पुलिस महानिदेशक को ज्ञापन दिया। ज्ञापन में पार्टी ने कहा कि प्रदेश में महिलाओं पर बढ़ते अपराध और सांप्रदायिक सौहार्द को प्रभावित करने वाली घटनाओं की भरमार हो रही है। जिससे लोग काफी हाहत है। पार्टी की राष्ट्रीय महासचिव एवं प्रवक्ता हेमा भण्डारी ने कहा कि उत्तराखंड राज्य के नैनीताल जनपद में घटित एक अत्यंत दुर्भाग्य पूर्ण घटना ने राज्य की कानून व्यवस्था तथा पुलिस की निष्पक्षता पर गंभीर प्रश्न चिन्ह लगाने का काम किया है। एक अल्पसंख्यक समाज से तालुक्ख रखने वाले दरोगा के साथ धक्का मुक्का एवं अनुचित व्यवहार किया गया।

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम के एसपी चमोली ने ली अधिकारियों की समीक्षा बैठक

**चमोली (नजरिया खबर ब्यूरो)।** उत्तराखंड की ग्रीष्मकालीन राजधानी गैरसैंण स्थित भराड़ीसैंण विधानसभा परिसर में आगामी 21 जून को मनाए जाने वाले अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के भव्य आयोजन को सफल बनाने के लिए चमोली पुलिस ने कमर कस ली है।

इन तैयारियों की गहन समीक्षा के उद्देश्य से आज पुलिस अधीक्षक चमोली श्री सर्वेश पंवार ने जनपद के समस्त अधिकारियों की एक महत्वपूर्ण बैठक ली। इस बैठक का मुख्य एजेंडा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के कार्यक्रमों की व्यवस्थित रूप से समीक्षा करना और सुरक्षा एवं समन्वय से संबंधित सभी तैयारियों को अंतिम रूप देना था। पुलिस अधीक्षक ने कार्यक्रम की संवेदनशीलता और इसमें शामिल होने वाले विशिष्ट महानुभावों की उपस्थिति को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था पर विशेष बल दिया।बैठक में उपस्थित सभी अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गये कि कार्यक्रम में आने वाले सभी महानुभावों की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु कार्यक्रम स्थल, यातायात प्रबंधन को सुचारू बनाए रखना और विधानसभा परिसर के बाहरी क्षेत्रों (आउटर कार्डन) में पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की जाए। सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक मजबूत करने हेतु मुख्य कार्यक्रम स्थल के आसपास के क्षेत्र की निगरानी ड्रोन से करने तथा कार्यक्रम स्थल के भीतर पर्याप्त संख्या में पुलिसकर्मियों को सादे वस्त्रों में तैनात किए जाने हेतु निर्देशित किया गया, ताकि सुरक्षा को और अधिक प्रभावी बनाया जा सके।

## बदरीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग पर सिलेंडर से भरा ट्रक पलटा

**चमोली (नजरिया खबर ब्यूरो)।** बुधवार प्रातः बदरीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग पर पीपलकोटी के समीप एक सिलेंडर से भरा ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गया। इस हादसे में ट्रक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया और ट्रक के अंदर ही फंस गया। सूचना मिलते ही पुलिस और फायर सर्विस की टीम ने तत्काल मौके पर पहुंचकर कड़ी मशक्कत के बाद चालक को सुरक्षित बाहर निकाला और अस्पताल भिजवाया।

चौकी पीपलकोटी को सूचना मिली कि पीपलकोटी से लगभग 03 किलोमीटर ज्योतिर्मठ की ओर पाखी क्षेत्र में बद राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक सिलेंडर से भरा ट्रक पलट गया है। दुर्घटना की सूचना मिलते ही पुलिस उपाधीक्षक चमोली श्री मदन सिंह बिष्ट, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली




जोशीमठ देवेन्द्र रावत व चौकी पीपलकोटी उ0नि0 लक्ष्मी प्रसाद बिल्जवाण और फायर स्टेशन गोपेश्वर की टीम तत्काल मौके पर पहुँचे। मौके पर ट्रक पलटने के कारण चालक सोनू पुत्र लक्ष्मण निवासी पौडी ट्रक के अन्दर ही फंस गया था, जो काफी गंभीर रूप से घायल था। पुलिस और फायर सर्विस के जवानों द्वारा बिना देरी किए रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू कर काफी मशक्कत के बाद ट्रक चालक को सुरक्षित बाहर निकाला गया। चालक की गंभीर हालत को देखते हुए 112 के माध्यम से घायल चालक को विवेकानंद हॉस्पिटल पीपलकोटी भेज दिया है, जहां उसका इलाज चल रहा है। दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है।

## महिला बेस अस्पताल सिमली में मूलभूत सुविधाओं को उपलब्ध कराने को लेकर शिष्टमंडल ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

**चमोली (नजरिया खबर ब्यूरो)।** महिला बेस अस्पताल सिमली (कर्णप्रयाग) में महिला चिकित्सकों की तैनाती सहित अस्पताल में मूलभूत सुविधाएं मुहैया करवाऐं जाने की मांग को लेकर सिमली बेस अस्पताल संघर्ष समिति ने जिला मुख्यालय गोपेश्वर में जिलाधिकारी से भेंट कर उन्हें एक ज्ञापन सौंपा।

जिस पर जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को अपने कार्यालय में तलब कर बेस चिकित्सालय में जरूरी संसाधन जुटाने के निर्देश दिये और सीएमओ को स्वयं सप्ताह में दो बार अस्पताल



का नियमित निरीक्षण करने के निर्देश दिये। बताया गया कि दूरदराज की महिलाओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाने के उद्देश से स्थापित सिमली महिला बेस अस्पताल का लाभ नही मिल पा रहा है। जबकि यहां पर विशेषज्ञ चिकित्सकों की नियुक्ति की गई है। महिलाओं को अस्पताल तक सीधे सड़क मार्ग, स्ट्रेचर व व्हीलचेयर से वार्डों तक लेजाने सुविधा उपलब्ध है। प्रसूति एवं आपातकालीन सेवाओं को देखते हुए यहां पर निर्मित भवन की संरचना की गई है।

शिष्टमंडल ने सिमली महिला बेस अस्पताल को पूर्ण रूप से क्रियाशील बनाते हुए उसमें जनरेटर, पैथोलॉजी लैब, ऑपरेशन थियेटर, इमरजेंसी एम्बुलेंस आदि सुविधाएं उपलब्ध करवाने, स्त्री रोग विशेषज्ञ चिकित्सकों की तैनाती किए जाने की मांग करते हुए डीएम को एक ज्ञापन भी सौंपा। महिला बेस चिकित्सालय की समस्याओं को देखते हुऐ डीएम संदीप तिवारी ने गंभीर रुख अपनाते हुए सीएमओ अभिषेक गुप्ता को अपने कार्यालय में तलब करते हुऐ चिकित्सालय के संबंध में वस्तुस्थिति की जानकारी प्राप्त करते हुऐ सीएमओ को तत्काल इस चिकित्सालय में दो – तीन महिला चिकित्सकों की तैनाती किये जाने, अस्पताल के मुख्य गेट पर बेस चिकित्सालय का बड़ा साइन बोर्ड लगाने, चिकित्सालय परिसर में उगी झाड़ियों को काटने सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं को मुहैया करवाने के साथ ही कहा कि सीएमओ स्वयं सप्ताह में दो बार इस चिकित्सालय का नियमित निरीक्षण कर रिपोर्ट सौंपने के निर्देश दिये।

# केंद्र निर्देशित और अपेक्षित कार्यक्रमों एवं योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाएंः मुख्य सचिव

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** मुख्य सचिव ने पंचायतीराज विभाग को राज्य वित्त आयोग के दिशा–निर्देशों की एक्शन टेकन रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। पंचायत को अपने रेवेन्यू सोर्स जनरेट करने के लिए तीन माह के भीतर नियमावली बनाने के निर्देश दिए।

नागरिकों को ग्राम पंचायत स्तर पर सभी महत्वपूर्ण सेवाओं की ऑनलाइन डिलीवरी देने के लिए ऑनलाइन सेवाओं का विस्तार करने तथा इसके लिए तत्काल पर्याप्त इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलप करने के निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने आंगनवाड़ी केंद्रों के माध्यम से बच्चों और महिलाओं के सर्वांगीण विकास को समर्पित योजना और कार्यक्रमों के इंप्लीमेंटेशन का स्तर इंप्रूव करने के निर्देश दिए; ताकि कुपोषण, अल्प पोषण, वेस्टिंग, कम वजनी इत्यादि बाल विकास के अवरोधों में कमी लाई जा सके तथा इससे संबंधित इंडिकेटर के सूचकांक



मुख्य सचिव बैठक लेते हुए।

को भी बेहतर किया जा सके। फूड सेफ्टी विभाग ने अवगत कराया कि विभाग में सैंपलिंग और एनफोर्समेंट से संबंधित कार्मिकों की शॉर्टेज है। जिस पर मुख्य सचिव ने विभाग को संबंधित भर्ती बोर्ड को संबंधित पदों की भर्ती का अधियाचन प्रेषित करने के निर्देश दिए। साथ ही शीघ्रता से पदोन्नति की प्रक्रिया भी पूरा करने के कहा। इस संबंध में उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि सचिव और संबंधित जिलाधिकारी सैंपलिंग और इससे संबंधित लंबित मामलों के निस्तारण के लिए प्रत्येक माह इसकी समीक्षा बैठक आयोजित कर पेंडिंग कार्यों को शीघ्रता से निपटाएं।

मुख्य सचिव ने बच्चों और महिलाओं से संबंधित अपराधों में कमी लाने के लिए पोक्सो एक्ट तथा रेप के मामलों में तेजी से इन्वेस्टिगेशन पूरा करने तथा फास्ट ट्रैक कोर्ट में लंबित मामलों का भी तेजी से निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने हेड क्वार्टर तथा जनपद दोनों स्तर पर इन मामलों की नियमित मॉनिटरिंग करने के भी निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने अर्बन मास्टर प्लान से संबंधित मुद्दों की समीक्षा करते हुए सभी टाउन्स में लैंड अवेलेबिलिटी की आख्या प्रस्तुत करने तथा अर्बन एरिया में अफॉर्डेबल आवास देने की सभी स्कीम का लाभार्थियों की अलग–अलग श्रेणी के अनुसार विवरण देने के निर्देश दिए। स्मार्ट मीटर की प्रगति के संबंध में मुख्य सचिव ने ऊर्जा विभाग को निर्देश दिए कि घरेलू उपभोक्ताओं के यहां जुलाई तक तथा कमर्शियल उपभोक्ताओं के यहां सितंबर तक टारगेट पूरा करें।

उन्होंने पैक्स (प्राथमिक कृषि सहकारी समिति) को किसान समृद्धि केंद्र के रूप में परिवर्तित करने के लिए (पैक्स के कंप्यूटरीकरण, माइक्रो एटीएम वितरण, मल्टी परपज पैक्स स्थापन इत्यादि) के कार्यों की प्रगति बढ़ाने के निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने ग्राम्य विकास और लोक निर्माण विभाग को प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के टारगेट को तेजी से पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने इमरजेंसी सर्विस रिस्पांस सपोर्ट सिस्टम छ्ब– 112 की गुणवत्ता में और सुधार करते हुए इसको अधिक प्रभावी बनाने के निर्देश दिए। आयुष्मान योजना के संबंध में निर्देश दिए कि अन्य राज्यों के सापेक्ष तुलनात्मक प्रगति का विवरण प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें।

## थायरोकेयर ने रुड़की में पहली डायग्नोस्टिक लैब का किया शुभारंभ

**देहरादून।** देश की अग्रणी हेल्थकेयर डायग्नोस्टिक कंपनी थायरोकेयर ने डॉ. गुप्ता पैथोलॉजी के सहयोग से रुड़की में अपनी पहली डायग्नोस्टिक लैब का उद्घाटन किया है। इसके साथ ही थायरोकेयर ने उत्तराखंड राज्य में एंट्री कर लिया है। कंपनी की यह पहल उत्तर भारत में विस्तार योजना के तहत है जो इस क्षेत्र में उन्नत और किफायती निदान के लिए प्रतिबद्ध है। इस विस्तार के साथ, कंपनी अब देश भर में 34 प्रयोगशालाओं का संचालन कर रही है। बता दें कि थायरोकेयर देश की पहली राष्ट्रीय डायग्नोस्टिक श्रृंखला है जिसने अपनी सभी प्रयोगशालाओं में 100 प्रतिशत एनएबीएल मान्यता प्राप्त की है। रुड़की प्रयोगशाला में प्रशिक्षित विशेषज्ञों की टीम है जो अत्याधुनिक नैदानिक उपकरण द्वारा तेज़, सटीक और भरोसेमंद परीक्षण परिणामों का वादा करती है। यहां नियमित स्वास्थ्य जांच से लेकर विशेष जांच तक किफायती कीमतों पर प्रदान किया जाएगा।

## ड्रेनेज के पाइप में राजाजी रिजर्व टाइगर का शव मिलने से वन विभाग में हड़कंप

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** राजाजी टाइगर रिजर्व के करीब ड्रेनेज के पाइप में एक टाइगर का शव मिलने से वन विभाग में हड़कंप मच। यह मामला नरेंद्र नगर डिवीजन के उस क्षेत्र का है, जो राजाजी के बेहद करीब है। वन विभाग ने टाइगर के शव को अपने कब्जे में लेकर आगे की कार्यवाही शुरू कर दी है।

बताया जा रहा है कि नरेंद्र नगर डिवीजन और राजाजी टाइगर रिजर्व को जोड़ने वाले गरुड़ चट्टी ब्रिज नेशनल हाईवे के नीचे मौजूद ड्रेनेज के पाइप में इस टाइगर का शव मिला है। ड्रेनेज के पाइप में काफी अंदर यह शव था। जहां से इसे बाहर निकाला गया। माना जा रहा है कि टाइगर की मौत करीब 2 दिन पहले हुई होगी, ऐसा इसलिए क्योंकि टाइगर की डेड बॉडी डीकंपोज होनी शुरू हो गई थी। वैसे तो इस इलाके के आसपास जंगल मौजूद है, लेकिन पास में ही लोगों के रहने वाले स्थान भी हैं। ऐसे में कुछ लोगों के ब्रिज के करीब जाने पर काफी बदबू आने के बाद शव की जानकारी हो सकी। इसके बाद वन विभाग की टीम को बुलाया गया और टीम ने टाइगर के शव को बाहर निकाला। फिलहाल टाइगर के शव का पोस्टमॉर्टम किया जा रहा है। टाइगर के सभी अंग ठीक हैं और किसी खरोच के निशान भी फिलहाल नहीं मिले हैं। वैसे तो टाइगर के मरने के पीछे के कारणों का पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के बाद ही पता चल पाएगा, लेकिन फिलहाल यह माना जा रहा है कि यह टाइगर काफी कमजोर था।

## रैफल होम में व्यवस्थाओं का जायजा लेने पहुंची बाल कल्याण समिति की टीम

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** बुधवार को बाल कल्याण समिति देहरादून की टीम ने मोहिनी रोड स्थित रैफल होम का निरीक्षण किया। बता दे कि विगत 16 जून 2025 को बंद होने जा रहे श्री सत्य साई आश्रम से 14 दिव्यांग बालिकाओं को रैफेल होम में स्थानांतरित किया गया था। इसी सिलसिले में आज बाल कल्याण समिति की टीम व्यवस्थाओं का जायजा लेने रैफेल होम पहुंची।

बालिका छात्रावास की अधीक्षिका मंगली राणा ने बताया की वर्तमान में 18 वर्ष से कम उम्र की 41 बालिकाएं एवं 18 वर्ष से बड़ी उम्र की 20 दिव्यांग महिलाए होम में निवासरत है। वहीं वार्डन हेमलता ने जानकारी देते हुए बताया की इन दिनों होम में रिनोवेशन का काम होने के कारण सभी दिव्यांगजनों को अस्थाई छात्रावास में रखा गया है। जब बाल



रैफल होम में व्यवस्थाओं का जायजा समिति के पदाधिकारी।

कल्याण समिति की टीम ने अस्थाई छात्रावास का निरीक्षण किया तो वहां व्यवस्थाएं संतोष जनक पाई गई। बाल कल्याण समिति देहरादून की अध्यक्ष नमिता ममगाई, सदस्य नीता कांडपाल, कुसुम भट्ट एवं नवीन भारतीय त्रिपाठी को अपने बीच पाकर बालिकाएं भाव विभोर हो गई और कुछ बालिकाएं अपने पुराने आश्रम को याद करके रोने भी लगी।

अध्यक्ष नमिता ममगाई ने कहा कि कुछ दिनों पूर्व अध्यक्ष नमिता ममगाई सदस्य नीता कांडपाल एवं एवं ज़िला प्रोबेशन कार्यालय की टीम ने सत्य साई आश्रम का निरीक्षण किया था। वहां उन्हें जानकारी मिली की आश्रम संचालक कुछ निजी कारणों से आश्रम को बंद कर रहे है। जिलाधिकारी के संज्ञान में आते ही ज़िला प्रशासन ने बालिकाओं को स्थानांतरित करने की कार्यवाही तेज कर दी।

## बजाज आलियांज पेश करता है आपके लिए खास उत्तराखंड के वासियों के लिए बनाया एक हेल्थ इंश्योरेंस

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** भारत की प्रमुख प्राइवेट जनरल इंश्योरेंस कंपनी "आपके लिए" नाम से एक नया हेल्थ प्लान लेकर आई है. यह उत्तराखंड के लोगों की खास स्वास्थ्य आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए डिजाइन किया गया एक अग्रणी हेल्थ इंश्योरेंस प्रोडक्ट है।

"आपके लिए" दृ बस एक हेल्थ प्लान नहीं है, बल्कि उत्तराखंड के लोगों से किया गया एक वादा है, जो राज्य की विशेष मेडिकल स्थितियों के अनुसार कवरेज और उच्च क्वालिटी हेल्थकेयर सुनिश्चित करता है. किफायत और एक्सेसिबिलिटी को

BAJAJ Allianz
Caringly yours

ध्यान में रखते हुए डिजाइन किया गया, ष्आपके लिएष विशेष रूप से उत्तराखंड के लोगों के लिए कस्टमाइज किए गए प्रीमियम सहित व्यापक कवरेज प्रदान करता है. यह पॉलिसी व्यक्तिगत और फ्लोटर दोनों प्रकारों में उपलब्ध है, जो इसे निजी उपयोग एवं परिवारों के लिए एक आदर्श समाधान बनाती है. इसमें 5 लाख रुपये से लेकर 20 लाख रुपये तक का बीमा कवर चुनने का विकल्प है, जिससे युवा प्रोफेशनल्स से लेकर बुजुर्गों तक, हर कोई अपनी जरूरत के हिसाब से हेल्थ कवर ले सकता है।

आपके लिए हेल्थ इंश्योरेंस प्लान व्यापक कवरेज प्रदान करता है, जिसमें इनपेशेंट हॉस्पिटलाइजेशन, हॉस्पिटल में भर्ती होने से पहले और बाद के खर्च और डे केयर प्रोसीजर शामिल हैं. यह रोबोटिक सर्जरी और स्टेम सेल थेरेपी जैसे एडवांस्ड ट्रीटमेंट को भी कवर करता है, ताकि पॉलिसीधारकों को बेहतर और आधुनिक मेडिकल केयर मिल सके. यह पॉलिसी जान बचाने वाले ट्रांसप्लांट से जुड़े फाइनेंशियल बोझ को कम करते हुए, मूल कवरेज के हिस्से में अंगदाता के खर्चों को भी कवर करती है।

लॉन्च पर बोलते हुए, बजाज आलियांज जनरल इंश्योरेंस के एमडी और सीईओ, डॉ. तपन सिंघल ने कहा, ष्भारत की सबसे बड़ी ताकत है उसकी विविधता है और हेल्थकेयर में भी यही बात लागू होती है. ष्आप के लिएष यानी, खास आपके लिए बनाए गए इंश्योरेंस– के साथ हम हेल्थ इंश्योरेंस को एक नया रूप दे रहे हैं. हमने इसे हर राज्य के यूनीक मेडिकल इकोसिस्टम के हिसाब से तैयार किया है. इलाज के खर्चों से लेकर बीमारी के पैटर्न तक, हेल्थकेयर की चुनौतियां हर क्षेत्र में अलग–अलग होती हैं. इसलिए, इंश्योरेंस को भी बदलना होगा ताकि इन सब बातों को ध्यान में रखा जा सके. हर भारतीय के लिए डिजाइन किए गए किफायती, फीचर से भरपूर कवरेज प्रदान करके, हम हेल्थ फाइनेंशियल सुरक्षा को सुलभ, जरूरी और हर किसी की खास आवश्यकता के अनुसार बना रहे हैं. हमारा मानना है कि हेल्थकेयर सुरक्षा एक विशेषाधिकार नहीं बल्कि हर भारतीय के लिए एक अधिकार होना चाहिए और आपके लिए इसे वास्तविकता बनाने की दिशा में यह एक कदम है।

# मुख्यमंत्री की घोषणा के क्रम में यूएसडीएमए ने शुरू की तैयारी

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देशों के क्रम में दिनांक 30 जून को राज्य के मैदानी क्षेत्रों में बाढ़ के दौरान प्रभावी तरीके से राहत और बचाव कार्यों को संचालित करने के लिए मॉक ड्रिल का आयोजन किया जाएगा। बृहस्पतिवार को सचिव आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास विनोद कुमार सुमन की अध्यक्षता में मॉक ड्रिल की तैयारी को लेकर ओरिएंटेशन तथा कोऑर्डिनेशन कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। इस दौरान सभी जनपदों को मॉक ड्रिल कराने को लेकर विभिन्न पहलुओं के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया।



आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास सचिव विनोद कुमार सुमन बैठक लेते हुए।

सचिव आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास विनोद कुमार सुमन ने बताया कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पिछले दिनों आपदा प्रबंधन विभाग की समीक्षा बैठक के दौरान प्रदेश के मैदानी जनपदों में बाढ़ की स्थिति पर प्रभावी तरीके से नियंत्रण पाने तथा विभिन्न विभागों के मध्य आपसी समन्वय तथा सामंजस्य को मजबूत करने के लिए मॉक ड्रिल कराने के निर्देश दिए थे। उन्होंने बताया कि यह मॉक ड्रिल ऊधमसिंहनगर, हरिद्वार तथा देहरादून, नैनीताल और चंपावत जनपद के मैदानी क्षेत्रों में आयोजित की जाएगी। उन्होंने बताया कि मॉक ड्रिल ऐसे स्थानों में आयोजित की जाएगी, जहां विगत कुछ वर्षों से लगातार जल भराव तथा बाढ़ के हालात उत्पन्न हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि 28 जून को टेबल टॉप एक्सरसाइज आयोजित की जाएगी तथा 30 जून को मॉक ड्रिल का आयोजन होगा। उन्होंने बताया कि मॉक ड्रिल का आयोजन आईआरएस यानी घटना प्रतिक्रिया प्रणाली के अंतर्गत किया जाएगा। 09 जून को राज्य, जनपद तथा तहसील स्तरीय आईआरएस की अधिसूचना जारी कर दी गई है। उन्होंने बताया कि आईआरएस एक ऐसा तंत्र है, जिसमें सभी अधिकारियों तथा विभागों की भूमिकाओं का स्पष्ट उल्लेख किया गया है।

आपदा के समय राहत और बचाव कार्यों के दौरान किस विभाग को तथा किसी अधिकारी को क्या करना है, इसे लेकर अब भ्रम की स्थिति नहीं रहेगी। उन्होंने बताया कि टेबल टॉप एक्सरसाइज के दिन सभी जनपद अपनी तैयारियों के साथ ही संसाधनों की उपलब्धता, उनकी तैनाती, मॉक ड्रिल के लिए योजना के बारे में बताएंगे। बैठक में अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रशासन आनंद स्वरूप, अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रशासन क्रियान्वयन डीआईजी राजकुमार नेगी, संयुक्त सचिव जेएल शर्मा, संयुक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी मो0 ओबैदुल्लाह अंसारी आदि मौजूद थे।

बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में लोगों के सामने भोजन तथा अन्य सामग्री का संकट हो जाता है। ऐसे में मॉक ड्रिल के दौरान भोजन की किट को भी एयरड्राप किया जाएगा। सचिव आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास विनोद कुमार सुमन ने बताया कि हेलीकॉप्टर से भोजन ड्राप करने का अभ्यास किया जाना भी बहुत जरूरी है, क्योंकि भोजन ड्राप करने वाले व्यक्ति की सुरक्षा तथा भोजन सुरक्षित लोगों तक पहुंचे, यह सुनिश्चित किया जाना आवश्यक है। इस अभ्यास के दौरान वास्तविक फूड पैकेट ड्राप किए जाएंगे।

## गोपेश्वर महाविद्यालय का योग शिविर गंणजेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण में आयोजित किया गया

**चमोली (नजरिया खबर ब्यूरो)।** गोपेश्वर महाविद्यालय की नमामि गंगे इकाई द्वारा गंणजेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण में योग शिविर आयोजित किया गया। नमामि गंगे अभियान के अंतर्गत गंगा नदी के संरक्षण, स्वच्छता एवं भारतीय वैदिक परंपरा के प्रति जनमानस में जागरूकता लाना कार्यक्रम का उद्देश्य है।

कार्यक्रम में डॉ कृष्णानंद पंत ने वेद पुराण एवं उपनिषद में निहित ज्ञान के वर्तमान प्रासंगिकता पर चर्चा की। योगाचार्य रघुवीर बर्तवाल द्वारा योग के महत्व एवं उपयोगिता को बताते हुए यौगिक क्रियाओं पर अभ्यास कराया गया ।

इस अवसर पर कार्यक्रम में बीएड विभागाध्यक्ष प्रो स्वाति नेगी,प्रो चंद्रावती जोशी ,डॉ अखिलेश कुकरेती,डॉ सरिता पंवार ,डॉ विधि ढौंढियाल,डॉ श्याम लाल बटियाटा, नमामि गंगे के नोडल डॉ सबज कुमार सैनी,नमामि गंगे के स्वयंसेवक उपस्थित रहे।




## तीन लाख की अफीम सहित तस्कर गिरफ्तार

**उधमसिंहनगर।** नशा तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्यवाही करते हुए पुलिस ने एक नशा तस्कर को गिरफ्तार कर लिया है। जिसके पास से तीन लाख की अफीम बरामद की गयी है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मणिकांत मिश्रा ने बताया कि एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स और थाना पुलभट्टा पुलिस की संयुक्त टीम ने एक शातिर अफीम तस्कर को गिरफ्तार किया है, जिसके पास से 1 किलो से अधिक अफीम और एक मोटरसाइकिल बरामद हुई है। बताया कि बीती रात नशा तस्करी की एक सूचना के बाद एंटी नारकोटिक्स फोर्स व थाना पुलभट्टा पुलिस की संयुक्त टीम ने थाना पुलभट्टा क्षेत्र के नदेली रोड, पुलिया बरी कट के पास चेकिंग अभियान चलाया।

## न्यूज डायरी

### वुड कोटिंग्स पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित



**देहरादून।** काष्ट कर्म एवं परिष्करण अनुभाग, वनोपाज़ प्रभाग, वन अनुसंधान संस्थान, देहरादून द्वारा ष्वुड कोटिंग्सष पर एक अल्पकालीन प्रशिक्षण कार्यक्रम दिनांक 16 जून से 20 जून 2025 तक सफलतापूर्वक आयोजित किया जा रहा है। इस पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में कुल 13 प्रतिभागियों ने भाग लिया, जो विभिन्न शैक्षणिक और औद्योगिक क्षेत्रों से आए हैं। इनमें मार्क इम्पेक्स प्रा. लि., मुरादाबाद से 9 प्रतिभागी, बैम्बू डेव्लपमेंट एजन्सि, मिज़ोरम से 3 प्रतिभागी, तथा सबरी वुड्स एंड प्लायवुड, करूर, तमिलनाडु से 1 प्रतिभागी सम्मिलित हुए। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य प्रतिभागियों को वुड कोटिंग प्रौद्योगिकी के विभिन्न पहलुओं जैसे सतह की तैयारी, अनुप्रयोग विधियाँ, कोटिंग्स के प्रकार, पर्यावरणीय विचार तथा इस क्षेत्र में हो रहे नवीनतम विकास के बारे में गहन ज्ञान एवं व्यावहारिक अभ्यास प्रदान करना था। सत्रों को इस प्रकार तैयार किया गया था कि वे प्रतिभागियों की तकनीकी दक्षता को बेहतर बनाएं और उन्हें वुड कोटिंग्स के प्रभावी चयन एवं उपयोग में सक्षम बनाएं।

## अब पीएचसी में मिल सकेगा आयुष्मान योजना का लाभ

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** राज्य स्वास्थ्य प्राधिकरण उत्तराखंडः आयुष्मान योजना के अंतर्गत लाभार्थियों को उनके घर के नजदीक ही निःशुल्क उपचार की सुविधा मिल पाए इसके लिए प्रदेश के सभी सामुदायिक व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों को योजना के अंतर्गत सूचीबद्ध किया जाएगा। इस संदर्भ में राज्य स्वास्थ्य प्राधिकरण की मुख्य कार्यकारी अधिकारी रीना जोशी ने सभी जनपदों के मुख्य चिकित्सा अधिकारियों को भी निर्देशित कर दिया है।

राज्य स्वास्थ्य प्राधिकरण की मुख्य कार्यकारी अधिकारी रीना जोशी ने कहा कि आयुष्मान योजना के लाभार्थियों को नजदीक में ही निशुल्क उपचार की सुविधा मिल जाए इसके लिए प्रदेश के सभी प्राथमिक व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों को भी आयुष्मान के अंतर्गत सूचीबद्ध किया जाएगा। राज्य स्वास्थ्य प्राधिकरण के अधिकारियों के साथ जनपदों के मुख्य चिकित्सा अधिकारियों की वर्चुअली बैठक में सीईओ ने कहा कि उत्तर प्रदेश समेत कई प्रांतों में प्राथमिक स्तर के स्वास्थ्य केंद्रों में आयुष्मान योजना के तहत सूचीबद्ध किया गया है। लाभार्थियों को उसका लाभ मिल रहा है। एक बड़े जनहित में हमारे प्रदेश में भी यह जरूरी समझा जा रहा है। इस तरह की मांग भी उठती आई हैं। बैठक में बताया गया कि प्रदेश में कुल 614 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हैं। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों की बात करें तो कुल 83 सीएचसी में से 59 आयुष्मान के अंतर्गत सूचीबद्ध हैं, जबकि 24 शेष हैं।

मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने प्रदेश के सभी 614 पीएचसी व शेष 24 सीएचसी की सूचीबद्धता के लिए एक अभियान चलाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि केंद्रों को सूचीबद्धता हेतु जो भी प्रशिक्षण दिया जाना है उसे यथा समय पूर्ण करें। कहा कि सरकार की मंशा के अनुरूप आयुष्मान योजना का लाभ जन जन तक पहुंचाया जाना हमारी प्राथमिकता में है। एक भी व्यक्ति किसी भी कारण से लाभ से वंचित नहीं रहे इसे गंभीरता से लिया जाना चाहिए।

## पेज 01 का शेष...

### बॉन्ड का उल्लंघन करने वाले डॉक्टरों पर होगी कार्रवाई : कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत

बैठक में विभागीय मंत्री डॉ. रावत ने राज्य चिकित्सा सेवा चयन बोर्ड से चयनित 222 नये चिकित्साधिकारी को शीघ्र तैनाती देने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिये। इसके अलावा उन्होंने विभाग के अंतर्गत चिकित्सकों, नर्सिंग अधिकारियों एवं एएनएम के रिक्त पदों का अधियाचन शीघ्र ही राज्य चिकित्सा सेवा चयन बोर्ड को भेजने को भी अधिकारियों को कहा। जिसमें चिकित्सकों के 169, नर्सिंग अधिकारी 267 तथा एएनएम के 180 पद शामिल है। इसके साथ ही उन्होंने तकनीकी संवर्ग के विभिन्न पदों पर भी भर्ती करने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिये। बैठक में राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य एवं अनुश्रवण परिषद उत्तराखंड के उपाध्यक्ष सुरेश भट्ट, महानिदेशक स्वास्थ्य डॉ. सुनीता टम्टा, अपर निदेशक चिकित्सा शिक्षा डा. आर.एस. बिष्ट, संयुक्त निदेशक स्वास्थ्य डॉ. अजीत जौहरी, डॉ. अनिल नेगी सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

स्वत्वाधिकारी नजरिया खबर के लिए स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक गीता जायसवाल द्वारा श्रेष्ठा प्रिन्टर्स, वार्ड नं.03,पो.ओ. लालकुंआ जिला–नैनीताल, उत्तराखण्ड से मुद्रित तथा 14–डी मीडो प्लाजा, प्रथम तल राजपुर रोड देहरादून, उत्तराखंड से प्रकाशित सम्पादक : विजय जायसवाल फोन नं. – 0135&2740930, 9837027458 RNI NO: UTTHIN/2008/25052 प्रकाशन सम्बन्धी सभी विवादों का निस्तारण सिर्फ देहरादून न्यायालय होगा। E-mail: nazariakhabar@gmail.com
Website : www.nazariyakhabar.com
डाक पंजीयन : UA/DO/DDN/402/2017-19